तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 नगरी सिहावा क्षेत्र के रोड की हालत खराब, गड्ढे दे रहे...



14 सुशासन तिहार में 20 वार्ड के रहवासी हुए लाभान्वित



## खबर संक्षेप

### पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि 11 जून तक

**धमतरी।** बीए, बीकॉम, बीएससी, होम साइंस, बीसीए भाग-दो एवं तीन के नियमित,अमहाविद्यालयीन पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने परीक्षा फार्म ऑनलाइन से सम्पूर्ण शुल्क के साथ 11 जून तक भर सकते हैं। 100 रूपए विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 12 जून से 17 जून है।

### पूरक परीक्षार्थी जनभागीदारी शुल्क जमा करें

**धमतरी।** जिले के शासकीय एवं प्राइवेट महाविद्यालय के पूरक परीक्षार्थी पूरक परीक्षा फार्म भरने के पश्चात बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी व्दारा निर्धारित जनभागीदारी शुल्क राशि 100 रूपए महाविद्यालय के कार्यालय काउण्टर में जमा करें। यह जानकारी डॉ. विनोद कुमार पाठक प्र. प्राचार्य ने दी है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीकला निवासी सोमनाथ यादव पिता फिरतूराम उम्र 35 वर्ष शराब पीने का आदी था। 25 मई की सुबह परिजन खेत चले गये। इस दौरान युवक घर पर अकेला था। शाम को परिवार के लोग घर पहुंचे तो युवक को बेहोशी की हालत में पाया। युवक उल्टी कर चुका था जिससे जहरीली दुर्गंध आ रही थी। युवक को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल पहुंचाया गया। रिफर करने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की शाम इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### खाद और बीज के लिए भटक रहे किसान : लेखराम



**अंवरी।** खरीफ की बुवाई और थरहा के लिये पूरे प्रदेश में खाद और बीज संकट को लेकर कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून केरल आ चुका है। पूरे प्रदेश में खरीफ फसल की बुवाई की तैयारी जोरों पर है। प्रदेश की ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते वे परेशान हैं।

विषय विशेषज्ञ शिक्षक बनाएंगे कोर्स से संबंधित वीडियो, सुधरेगी शिक्षा की गुणवत्ता

# तैयार हो रहा शिक्षा विभाग का सुसज्जित यूट्यूब स्टूडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बोर्ड कक्षाओं के छात्र अब हाईटेक अंदाज में पढ़ाई कर पाएंगे। समग्र शिक्षा अभियान और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से कम्पोजिट बिल्डिंग में सुसज्जित यूट्यूब स्टूडियो तैयार किया जा रहा है। यहां पर विषय विशेषज्ञ शिक्षक कोर्स से संबंधित वीडियो तैयार कर जिला शिक्षा विभाग के यूट्यूब चैनल में प्रसारित करेंगे। जिले के छात्रों के अलावा अन्य जिले के छात्र भी इस वीडियो के सहारे बेहतर ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे।

इस साल बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट कमजोर आया है। शिक्षकों की कमी या दक्षता से पढ़ाई नहीं हो पाना इस कमजोर रिजल्ट का कारण माना जा रहा है। इस समस्या से निबटने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर कम्पोजिट बिल्डिंग के कक्ष 20 में सुसज्जित ऑनलाइन यूट्यूब स्टूडियो का निर्माण किया जा रहा है। यह स्टूडियो हर सुविधाओं से लैस होगा। जहां पर विभिन्न विषयों के दक्ष शिक्षक कोर्स से संबंधित वीडियो तैयार करेंगे। स्टूडियों में यह वीडियो आटोमेटिक रिकार्ड हो जाएगा, जिसके बाद वीडियो को जिला शिक्षा विभाग के यूट्यूब चैनल में प्रसारित किया जाएगा। पूरे जिले के छात्र इस वीडियो के माध्यम से विभिन्न विषयों की बेहतर ढंग से पढ़ाई कर पाएंगे। स्टूडियो का निर्माण अंतिम चरण है, उम्मीद की जा रही है कि जून के पहले सप्ताह में यह स्टूडियो चालू हो जाएगा। यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाने के



लिए समर्थवान शिक्षकों का चयन किया जा रहा है। जल्द ही शिक्षकों की सूची भी तैयार कर ली जाएगी। विषयवार यूट्यूब से पढ़ाई का टाइम टेबल भी तैयार किया जा रहा है।

### दूर होगी समस्या

जिले में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी है। यही नहीं कई शिक्षक अपने भी विषय को ढंग से पढ़ा नहीं पाते हैं, जिसके चलते छात्र पिछड़ जाते हैं और वे ट्यूशन आदि का सहारा लेते हैं। इस सुविधा के शुरू होने के बाद इस समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। एक शिक्षक के यूट्यूब वीडियो से जितने चाहे उतने छात्र पढ़ पाएंगे। इसमें छात्रों की संख्या की कोई लिमिट नहीं होगी। शिक्षकों का चयन भी ऐसा किया जा रहा है, जो अपने विषय पर बेहतर ढंग से व्याख्यान दे सकते हैं।

### होंगी सभी सुविधाएं

यह स्टूडियो वेल अपडेट होगा। पूरी तरह से साउंडप्रूफ स्टूडियो में गुणवत्तायुक्त वीडियो बनाया जा सकेगा। किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं होगा। साउंड की क्वालिटी बेहतर होगी। वीडियो रिकार्डिंग के लिए 4 के का कैमरा लगाया जा रहा है, जिसके चलते वीडियो क्वालिटी बेजोड़ होगी। यही नहीं पढ़ाने के लिए बड़ा सा स्क्रीन टच मॉनिटर (इंट्रेक्टिव पैनल) भी लगाया जा रहा है। मॉनिटर एडवांस क्वालिटी है, जिसमें खुद ब खुद वीडियो रिकार्डिंग होगा। टेबल माइक भी लगाए जाएंगे। प्रथम चरण में यह सुविधा केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शुरू होगी। बाद में अन्य महत्वपूर्ण कक्षाओं के लिए यूट्यूब वीडियो तैयार किए जाएंगे।

# ओपीडी में बाल मधुमेह क्लिनिक शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- दो नए बाल मरीजों का हुआ पंजीयन

बाल मधुमेह से ग्रसित बच्चों को शासन की योजना का लाभ दिलाने व निःशुल्क उपचार व नियमित जांच के लिए प्रोत्साहित करने जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष में बाल मधुमेह क्लिनिक की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री बाल मधुमेह सुरक्षा योजना अंतर्गत टाइप वन डायबिटिज से ग्रसित बच्चों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। इसके तहत बुधवार को जिला अस्पताल के ओपीडी के कक्ष क्रमांक 106 में बाल मधुमेह क्लिनिक शुरू किया गया। इस दौरान बाल मधुमेह के दो नए बच्चों का पंजीयन किया गया। इस योजना के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के



बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। टाइप वन डायबिटीज से ग्रसित बच्चे पूरी तरह से इंसुलिन पर निर्भर होते हैं। इन बच्चों को निःशुल्क इंसुलिन पेन डिवाइस ग्लूकोमीटर, स्ट्रिप दिया गया। वहीं बच्चों को नियमित जांच के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि बच्चों में होने वाले मधुमेह को समय पर रोका जा सके। प्रदेश में वर्ष 2017 से संचालित मुख्यमंत्री बाल मधुमेह योजना अंतर्गत जिला अस्पताल में 36 बच्चे पंजीकृत हैं। दो नए बच्चों का पंजीयन होने से अब कुल 38 बच्चे मधुमेह से ग्रसित हैं।

इस अवसर पर सीएमएचओ डा. यूएल कौशिक, डीपीएम डा.प्रियंका कंवर, डा. आभा हिशीकर, डा. रविकिरण शिंदे, श्रीकांत चंद्राकर, विष्णु गुप्ता, भागेश्वर लोधी, नोमनारायण सिन्हा, सुमन देवांगन, लेमिन ध्रुव व नेहा निर्मलकर उपस्थित थे।

# रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, तीन हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खबर का असर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने भखारा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते एक हाइवा जब्त किया, जिसे भखारा थाने में अभिरक्षा में रखा गया। इसी तरह धमतरी क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते दो हाइवा को जब्त किया गया है। इन वाहनों को कलेक्टोरेट स्थित कम्पोजिट भवन में अभिरक्षा में रखा गया है।

जिले के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज ने बताया कि महानदी से लगे अमेठी क्षेत्र में भी जेसीबी की सहायता से परिवहन के लिए प्रयुक्त रैंप को 2-3 जगहों पर क्षतिग्रस्त किया गया। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्री भारद्वाज ने यह भी बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम, गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।








खदान का रास्ता खोदकर खदानों पर लगाया था प्रतिबंध, फिर भी निकल रही रेत
कार्रवाई के बाद भी बंद नहीं हुईं अवैध रेत खदानें
कार्रवाई का कोई असर नहीं
उत्खनन बंद होने पर संशय

# स्कूलों, आंगनबाड़ी के आसपास तम्बाकु उत्पाद बेचने पर दो हजार रुपए जुर्माना

- निरीक्षण दल ने भखारा और सिलघट में 16 दुकानों पर छापामार कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के भखारा और सिलघट क्षेत्र में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी के आसपास तम्बाकू और उससे बने उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों पर निरीक्षण दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। स्कूलों, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक क्षेत्र के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र में ऐसी 16 दुकानों पर छापामार कार्रवाई में तम्बाकू उत्पादन बेचते




पाए जाने पर दो हजार रूपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने यह कार्रवाई कोटपा एक्ट के प्रावधानों के तहत की है।

निरीक्षण दल ने भखारा और सिलघट में यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले लोगों के साथ-साथ कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले जनरल स्टोर, पान दुकान, चाय दुकान और किराना दुकानों में की गई है। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल ने सभी दुकानों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, तम्बाखू या तम्बाखू उत्पाद बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक सुमित देवांगन, सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार सहित पुलिस विभाग के आरक्षक शामिल रहे।

# आर्टिगा कार विद्युत पोल से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रूद्री रोड की घटना

रूद्री से लौट रही तेज रफ्तार कार आर्टिगा विद्युत पोल से टकरा गई। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं सवारों को हल्की चोट लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रामबाग क्षेत्र से पांच युवक मंगलवार की रात्रि आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 19 बीएम 6150 में सवार होकर रूद्री की तरफ गए थे। जहां से सभी कार में सवार होकर वापस लौट रहे थे। गति अत्यधिक होने से कार रूद्री रोड में राधास्वामी सत्संग के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से टकरा गई। घटना के बाद चालक कार को पीछे करने का प्रयास कर रहा था, तभी कार पीछे स्थित पेड़






से और टकरा गई। घटना में कार के आगे व पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं कार की जोरदार टक्कर से विद्युत पोल एक तरफ झुक गया है। वहीं हादसे में कार में सवार चालक सहित पांच लोगों को मामूली चोट आई है। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे और कार सवारों को उपचार के लिए मसीही अस्पताल पहुंचाया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

कॉलोनी में बनेगा 2 बीएचके, 3 बीएचके, 4 बीएचके का मकान व व्यावसायिक काम्लेक्स

# सिंचाई विभाग के वर्षों से खाली पड़े पुराने भवनों को तोड़कर बनाया जाएगा आवासीय परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिंचाई विभाग के वर्षों से खाली पड़े अनुपयोगी एवं पुराना मकानों को तोड़कर कॉलोनी बनाई जाएगी जिसमें आवासीय परिसर सहित व्यावसायिक काम्पलेक्स रहेगा। 2 बीएचके, 3 बीएचके, 4 बीएचके का सर्व सुविधायुक्त मकान बनेगा। जिला प्रशासन के निर्देश पर छग गृह निर्माण मंडल री-डेवलपमेंट योजना के तहत जल्द ही प्रोजेक्ट प्रारंभ करेगा। भूमि का कलेक्टर, निगम आयुक्त, सिंचाई विभाग के अफसर, हाउसिंग बोर्ड के उच्चाधिकारी निरीक्षण कर चुके हैं। यहां साढ़े तीन हेक्टयेर जमीन खाली पड़ी है, जहां आवासीय परिसर विकसित किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक सिंचाई विभाग के अधिकारियों की स्वीकृति भी मिल चुकी है। अंतिम रूप देने शासन को पत्र भेजा जाएगा। 82 मकान, 40 दुकान तथा 45 स्वतंत्र एमआईजी मकान, 37 स्वतंत्र एलआईजी मकान बनाए जाएंगे। इसके अलावा 8 एच टाइप भवन, डेढ़ हजार वर्गफीट में 2 बीएचके के एमआईजी मकान, एक हजार वर्गफीट में 600 वर्गफीट साइज में 2 बीएचके एलआईजी मकान बनेंगे। सड़कें 9 मीटर चौड़ी होंगी। 40 से अधिक दुकानें बनेंगी। जिला प्रशासन ने स्वीकृति के लिए राज्य शासन को पत्र भेजने का निर्देश दिया है, ताकि इस स्थान पर सर्वसुविधा युक्त, सुसज्जित मकान बन सके। परियोजना के पूरा होने से लोगों के लिए मकान कम रेट पर मिलेगा साथ ही बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# जगन्नाथ पुरी में समुद्र में डूबने से बालक की मौत

- नहाने के दौरान हुआ हादसा, परिजन आज शव लेकर नगरी पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जगन्नाथ पुरी उड़ीसा घूमने गए नगरी के एक 16 वर्षीय लड़के की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद नगरी में शोक की लहर फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 03 रामनगर के रहने वाले 16 वर्षीय हिमांशु पिता हेमंत यादव दो दिन पूर्व अपने परिजन और अन्य लोगों के साथ उड़ीसा के जगन्नाथपुरी गया हुआ था। वहां समुद्र में नहाने के दौरान युवक पानी की लहरों में समा गया। इस दौरान साथ में गए परिजनों और लोगों ने हिमांशु को ढूंढने की भरपूर कोशिश की पर उनका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना स्थानीय पेंटागोटा पुलिस को दी गई,



जिसके बाद एसडीआरएफ और गोताखोर की टीम ने लड़के की तालाश शुरु कर दी। कड़ी मशक्कत के बाद लड़के के शव को जगन्नाथ पुरी से कुछ दूरी पर बीच के पास से बरामद किया गया। स्थानीय पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पुरी भेज दिया। परिजन आज शव को लेकर नगरी पहुंचेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस और नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा वहां के प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस से लगातार संपर्क में रहे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### महिलाओं का किया सम्मान

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में अहिल्या बाई होलकर जनशताब्दी के अवसर पर भाजपा मंडल बकावंड के परेश बेसरा एवं उनके टीम के नेतृत्व में बकावंड स्वास्थ्य केन्द्र में महिला स्टॉफ का श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आहिल्याबाई होलकर के देश प्रेम एवं उनके कार्य को याद किया गया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने बताया कि इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के स्टाफ नर्स, बीईटीओ, मितानीन, वार्ड आया, सफाई कर्मियों में से दिपिका नेताम, प्रिति, कविराज, प्रितिवाला पाल, युरागिनी साहू, आशिया बानो, श्रीमती पदमनी लाल, कृपामनी, रीता, लक्ष्मी, कृतिजुरी सम्मानित हुए।

### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दंतेवाड़ा।** संयुक्त जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मानसून वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा (बाढ़ व ओलावृष्टि) से राहत एवं बचाव के लिये जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष में बाढ़,अतिवृष्टि तथा आंधी-तूफान से हुई क्षति की जानकारी एवं तत्काल राहत व्यवस्था कार्य हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगाई गयी है। जिसके अन्तर्गत कर्मचारियों हर्षित गौतम, सन्ना राम कुंजाम, चन्द्र गुप्त, नीलेश्वर कुमार ध्रुव, दाऊ कल्याण सिंह, विक्रम सिन्हा, बसन्त यदु, राम जी नाग तथा अनिल कवासी की रोस्टर अनुसार दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त कर्मचारी उल्लेखित समयावधि में जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक 137 में उपस्थित रहेंगे। और कार्यवधि में दूरभाष से प्राप्त होने वाली जानकारी एवं सूचना तत्काल संबंधित विभाग, संबंधित अधिकारियों को देंगे। कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को किया रवाना

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित एवं एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई द्वारा वित्तपोषित एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स (मोबाइल मेडिकल यूनिट - एम एम यू) का शुभारंभ बीजापुर जिले के कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से 27 मई को किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं एसबीआई संजीवनी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। एसबीआई संजीवनी बीजापुर टीम में शामिल मुकेश कुमार मानिकपुरी (परियोजना समन्वयक), डॉ. चंद्रशेखर जैसवाल (एम.बी.बी.एस.), सिद्ध मौर्य (फार्मासिस्ट), सुश्री मनोरमा उसेंडी (लैब तकनीशियन), सुश्री जयश्री सेगम (स्टाफ नर्स), सियाराम कुड़यिम (पायलट), कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से भी प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें डॉ. लखन राजपूत (कबीरधाम एमएमयू) एवं अयोध्या प्रसाद जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पहल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सिंगपुर के समाधान शिविर में 4757 आवेदन मिले

# हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी नवीन राशन कार्ड का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





ग्राम पंचायत सिंगपुर में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत सिंगपुर, भण्डारवाड़ी, बिरझुली, केकराखोली, खण्डमा, मुड़केरा, पठार एवं सोनझरी को शामिल किया गया।

सिंगपुर कलस्टर में कुल 4757 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग हेतु 4702 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 55 आवेदन मिले। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। समाधान शिविर में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, छग राज्य आदिवासी परम्परा औषधि बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम, जनपद पंचायत मगरलोड उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जिपं सदस्य टीकाराम कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड, जनपद पंचायत मगरलोड के पूर्व अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, सहकारिता सभापति कृष्ण कुमार ध्रुव, जनपद पंचायत मगरलोड सदस्य गजेन्द्र दीवान, रामजी नेताम, पूर्व जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मोहन साह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, शत्रुहन साहू, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय यदु एवं सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित थे। समाधान शिविर में विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं सीईओ ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया एवं विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा शाखा) द्वारा 6 हितग्राहियों को जॉब कार्ड , पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (आवास शाखा) द्वारा 5 हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी, 6 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 36 हितग्राहियों के लिए पेंशन स्वीकृति आदेश दिया गया। 6 हितग्राहियों को श्रम कार्ड का वितरण किया गया। 4 हितगाहियों को 50 नग सब्जी बाड़ी हेतु बैंगन थरहा का वितरण किया गया। 47 लोगों का सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी बुखार एवं कमजोरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 4 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया। 3 हितग्राहियों को प्रमाणित धान बीज का वितरण एवं 8 हितग्राहियों को नलकूप खनन एवं पंप प्रतिस्थापना का वितरण किया गया। 4 लाभार्थी को गोदभराई किट दिया गया। 3 लाभार्थी का अन्न प्राशन कराया गया। 5 लाभार्थी को कुपोषण किट तथा 10 किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता एवं पोषण किट बांटा गया। 13 हितग्राहियों को बी 1 एवं 13 हितग्राही को स्वामित्व योजना अधिकार का वितरण किया गया।

## अमलीडीह में शनिदेव की जयंती मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति द्वारा शनि देव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में पूजा, यज्ञ हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया पश्चात खिचड़ी, खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच नोमिन माधव साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, मोनू साहू, मंदिर पुजारी सतवन साहू, अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष इंद्रजीत साहू, सचिव अंजु साहू, सहसचिव दिनेश बनपेला, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, घसियाराम साहू, रोमसिंह साहू, चुन्नी निर्मलकर, सुमन साहू, दिगेश्वर यादव, डोमार साहू, अरुण निर्मलकर, रूपेश साहू, महेंद्र साहू का सहयोग रहा।

## अहिल्याबाई वीरता, प्रजावत्सल की प्रतिमूर्ति थीं

- महर्षि वेदव्यास कालेज में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया विद्यार्थियों को उनके उच्च आदर्श जीवन से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शशि पवार ने अहिल्या बाई होल्कर की प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक एवं धार्मिक योगदान का वर्णन किया। श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद एवं चेतन हिंदूजा ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर वीरता, प्रजावत्सल और दूरदर्शिता की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी न्याय प्रियता हम सबके लिए अनुकरणीय है। हरख जैन समाजसेवी भखारा ने कहा कि अहिल्या बाई ने कई प्रसिद्ध मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ संजय शर्मा ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से छात्र- छात्राओं को अवगत कराया। डॉ अविनाश आर निचत सहायक प्राध्यापक ने होल्कर के सुशासन, उन्नत कृषि, व्यापार, डाक एवं ऋण व्यवस्था पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में श्रीमती सिंधु बैस, छत्रपाल बैस, सुरेंद्र, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण आनंद सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, श्रीमती अनुनय टोप्पो समेत अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अहिल्या होल्कर एक कुशल प्रशासिका थीं : सिंधु

- कुर्रा में 300 वीं जयंती मनाई गई, उनके योगदान किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





ग्राम कुर्रा में अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता महिला बाल विकास सभापति सिंधु बैस जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होल्कर एक प्रसिद्ध मराठा शासक थीं। उन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा राज्य पर शासन किया। वह एक परोपकारी, बुद्धिमान, न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासक थीं। उनका जन्म चौकी गांव महाराष्ट्र में हुआ था। उनके पिता मनोक शिंदे एक साधारण परिवार से थे। होल्कर वंश भारत के मराठा शासको में से एक था जो इंदौर में शासन करते था। यह वंश उनके ससुर मल्हार राव द्वारा स्थापित किया गया था। मल्हार राव ने होल्कर अहिल्या बाई होल्कर के सेवा भाव, उनकी बुद्धिमता, दूरदर्शी सोच से प्रभावित होकर अपने बेटे खंडेराव से विवाह करवाया और अपनी बहू बनाई।

अहिल्याबाई होल्कर सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई लड़ती रही। विधवाओं का पुनर्विवाह कराया। उन्होंने सामाजिक शिक्षा को महत्व दिया और कई शिक्षण संस्था स्थापित की। अहिल्याबाई पर्यावरण रक्षा के प्रति भी लोगों को जागृत किया। अहिल्याबाई शिव की परम भक्त थी। उन्होंने कई मंदिरों का जीर्णोद्धार भी कराया। उन्हें न्याय की देवी माना जाता है। कार्यक्रम में ईश्वरी बैस, पिंकी बैस, सन्नी बैस, रिंकू साहू , रोहिणी साहू, अंगेश्वर बैस, हीरा बैस, दीपिक साहू, सुग्रीव दीवान, नंद कुमार दीवान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रोजेक्ट युवा**

ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण लेने युवतियों में उत्साह

## 60 युवतियां सीख रहीं ब्यूटीशियन की बारीकियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले की युवतियां अब जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट युवा के तहत ब्यूटीशियन का कोर्स सीखकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार और बेहतर आय के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रोजेक्ट युवा के तहत ब्यूटीशियन कोर्स में 60 युवतियों को सौंदर्य उद्योग से संबंधित विभिन्न पहलुओं का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें हेयर स्टाइलिंग, मेकअप, त्वचा की देखभाल, मैनीक्योर, पेडीक्योर और अन्य संबंधित कौशल शामिल हैं। प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है और आधुनिक उपकरणों व तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है ताकि युवतियों को बाजार की वास्तविक मांगों के अनुरूप तैयार किया जा सके। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रोजेक्ट युवा के तहत हमारा लक्ष्य जिले की प्रत्येक युवती को सशक्त बनाना है। ब्यूटीशियन कोर्स एक ऐसा क्षेत्र है जहां रोजगार और स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं। युवा कौशल के माध्यम से हम इन युवतियों को आवश्यक कौशल प्रदान कर रहे हैं ताकि वे न केवल अपना जीवन सुधार सकें बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी योगदान दे सकें। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली भानपुरी की विनीता साहू ने बताया कि उन्हें मेकअप करना पसंद है, बचपन से ही उन्हें मेकअप में इंटरेस्ट है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर वे इसे अपने व्यावसाय के रूप में स्थापित करना चाहती हैं। अपर्णा शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ब्यूटीशियन के कार्य को बहुत अच्छे तरीके से सिखाया जा रहा है। ये सारी चीजें तो हम पैसे देकर भी नहीं सीख सकते। उन्होंने बताया कि उन्हें अब तक सीटीएम थ्रेडिग, वैक्सीन, फेसियल मसाज आदि की जानकारी दी गई है और उसे यहां करवाया भी जा रहा है। हम सभी इस प्रशिक्षण को बहुत ही मजे के साथ अच्छे से सीख रहे है।

## योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को बांटी सामग्री





- सिर्री और परसतराई में लगा समाधान शिविर, ग्रामीणों को आवेदनों के निराकरण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिर्री और धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसतराई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सिर्री क्लस्टर में आयोजित समाधान शिविर में कुल 7 हजार 592 आवेदन मिले। इनमें से 7 हजार 389 मांग और 203 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। सिर्री में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सभापति श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद सदस्य कुरूद श्रीमती ललिता भतप्रहरी, टकेश्वर साहू, चन्द्रशेखर साहू, अनुराग साहू, देशांत सिन्हा सहित 13 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख दिया गया। 32 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका और 16 हितग्राहियों को बी-1 खसरा प्रदाय किया गया। 9 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 8 बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

परसतराई में आयोजित समाधान शिविर में कुल 4,477 आवेदन मिले। इनमें से 4392 आवेदन मांग और 85 आवेदन शिकायत संबंधी थे। इसकी जानकारी आज ग्रामीणों को दी गई। इस मौके पर छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, महापौर रामू रोहरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव साहू, नपं अध्यक्ष आमदी श्रीमती ज्योति साहू, जिपं सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, संतकुमारी साहू, देहुति साहू, दिनेश्वरी साहू, दिलीप सेन, सरपंच श्रीमती गंगा मरकाम साहित 6 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम पीयूष तिवारी, सीईओ जपं धमतरी दीपक ठाकुर व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद पंचायत धमतरी द्वारा 31 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर की चाबी, 21 हितग्राहियों को नये राशनकार्ड, 3 हितग्राहियों का नाम राशनकार्ड में जोड़ा गया और 11 हितग्राहियों को नया जॉब कार्ड वितरित किया गया।

**लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार, विभागीय अधिकारियों से पानी निकासी की मांग**

## रेलवे के नीचे बने गोबदे में पानी भरने से आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम डांडेसरा में रेलवे लाइन बिछाई गई है। विभाग द्वारा नीचे लोगों के आवागमन के लिए गोबदा का निर्माण किया गया है, साथ ही पानी निकासी के लिए नाली भी बनाई गई है परंतु पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उक्त स्थान में घुटनों तक पानी भर गया है।

ग्राम डांडेसरा के ग्रामीण उपाध्यक्ष हरीश साहू, तारेन्द्र साहू, किशोर साहू, अंगद चन्द्राकर, बाहरू राम ध्रुव, पुराणिक यादव, गोपेश्वर जोशी, लीलेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, कुलेश्वर यादव, मदन यादव ने बताया कि इस रास्ते से गुजरते समय काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। कई लोग गिरकर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। अभी मानसून आने वाला है। इस स्थिति में समस्या और बढ़ जायेगी।

रेलवे लाइन के विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणों ने पानी निकासी का समाधान करने की मांग की है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### नवतपा में झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**दुर्गूकोंदल।** दक्षिण पश्चिम मानसून के चलते नवतपा के चौथे दिन दुर्गूकोंदल सहित अंचल में झमाझम बारिश हुई। वहीं दिन का मौसम शुष्क रहा। अचानक 5 बजे बारिश शुरू हुई। वहीं तेज गर्जना के साथ बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गई। अंचल में आगे भी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश का क्षेत्र मुख्य दक्षिण पश्चिम मानसून के आने से बारिश की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उनसे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, जिसके कारण दबाव बना हुआ है।

### कार की टक्कर से सायकिल सवार की मौत, अपराध दर्ज

**कांकेर।** बाइपास रोड कांकेर में कार की टक्कर से सायकिल सवार का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 22 फरवरी को शाम करीबन 5 बजें मृतक श्याम लाल बघेल अपने सायकिल से नवागांव मनकेशरी की ओर अकेले घूमने के लिए गया था। कार क्रमांक सीजी 7 सीक्यू 3765 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर पीछे से मृतक के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक सायकिल सहित रोड में गिर गया। मृतक की मौत वाहन क्रमांक सीजी 7 सीक्यू 3765 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से होना जाने पर धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सरपंच के प्रयास से खुला ग्राहक सेवा केंद्र

**भानुप्रतापपुर।** कच्चे में लंबे समय के बाद ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया। केंद्र का विधिवत उद्घाटन सरपंच कांति हिड़को ने किया। सरपंच ने कहा कि कई वर्षों से क्षेत्र के ग्रामीण ग्राहक सेवा केंद्र की मांग कर रहे थे, जिसको ध्यान में रखते हुए यहां पर केंद्र खोला गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवा प्रदान करना है। बैंक कर्मी ने ग्रामीणों को खाता खोलने, जमा करने आदि बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

### उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हाकन के लिए हुई कार्यशाला

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में 27 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण ,कार्यशाला का आयोजन पर जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में किया गया था। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षक (मितानिन कार्यक्रम )प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण, कार्यशाला में अभियान के लिए राज्य स्तर से जारी विभिन्न निर्देशों एवं उच्च जोखिम वाली माताओं हेतु जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्य व दायित्वों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले में पंजीकृत समस्त गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण गर्भवती जाँच सेवाएं प्रदान किए जाने हेतु, एनीमिया वाली माताओं को गंभीर एनीमिया मे जाने से रोकने हेतु, समस्त उच्च जोखिम वाली माताओं की विशेष जांच, उपचार, सोनोग्राफी, उनके प्रसव स्थान का पूर्व निर्धारण, फॉलोअप,के साथ सामान्य गर्भवती के उच्च जोखिम वाली गर्भवती में परिवर्तित होने को रोके जाने, लक्ष्य दंपत्ति स्तर से प्रयास किये जाने, समय पर गर्भवती पंजीयन किये जाने, उच्च जोखिम वाली माताओ का फॉलोअप कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने, के साथ शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु एच बी एन सी सेवाएं बढ़ाने, आवश्यक रक्त शर्करा मलेरिया वी डी आर एल, एच आई वी, हेपेटाइटिस, सिकलिंग, मूत्र मे एल्बमिन शर्करा, वजन ऊंचाई, ब्लड प्रेशर इत्यादि परीक्षण, गंभीर एनीमिया के लिए माताओं को नियमित आयरन सुक्रोस हेतु व अन्य बीमारियों हेतु उपचार के फॉलो उप किये जाने, आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाने, माताओ के पोषण स्तर की मॉनिटरिंग हेतु संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

---

जगह-जगह गड्ढे, हल्की बारिश में ही भर जाता है पानी, राहगीर हो रहे परेशान

# नगरी सिहावा क्षेत्र के रोड की हालत खराब, गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण







**खास बातें**

- गट्टासिली रोड पुल में छड़ दिखाई दे रही है
- बेलर से बिरगुड़ी पुल में डामर पूरी तरह उखड़ गया है
- वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल लोगों की आंख में घुस रही

**सड़क, पुल के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भेजी गई**

दुधावा नगरी बासीन मार्ग उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य, नगरी सिहावा बोराई मार्ग मजबूतीकरण एवं डामर नवीनीकरण कार्य, नगरी सिहावा बोराई मार्ग बांसपारा के माध्यम पुल का निर्माण कार्य, सियादेही में मध्यम पुल का निर्माण कार्य, दुधावा नगरी बासीन मार्ग में पुल निर्माण नियद नेलानार, देवपुर देउरपारा श्रृंगी ऋषि पहुंच मार्ग के मध्य पुल का नियद नेलानार, अरसीकन्हार से रिसगांव मार्ग का निर्माण कार्य पुल पुलिया, नगरी सिहावा बोराई मार्ग में मजबूतीकरण एवं डामर नवीनीकरण कार्य, दुधावा मुरूमसिल्ली बनरौद मार्ग मुख्य जिला मार्ग मजबूतीकरण एवं डामर नवीनीकरण कार्य, नगर पंचायत नगरी पुरानी बस्ती से मोदे मार्ग पर महानदी में मध्यम पुल का निर्माण कार्य, विकासखंड नगरी के खम्हरिया से श्मशान घाट पहुंच मार्ग, टेड़गी नाला में पुल का निर्माण कार्य, करर्घाटी से बिरगुड़ी चौक तक मार्ग निर्माण कार्य पुल पुलिया, चुरियारा पारा हरदी भाटा देवपुर मार्ग ग्रामीण मार्ग किलोमीटर मजबूतीकरण एवं डामर नवीनीकरण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति शासन को भेजा गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अधिकांश रोड की हालत काफी खराब हो गई है। लोगों को चलना मुश्किल हो गया है । सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को बड़े वाहनों को साइड देने में काफी परेशानी हो रही है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

नगरी सांकरा, घठुला और बेलरगांव क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव है। इन गांवों के पहुंच मार्ग से होकर रोजाना नगरी सिहावा कांकेर, केशकाल, कोंडागांव व उड़ीसा के लिए सैकड़ों मालवाहक के साथ ही यात्री वाहनें चल रहे हैं। वहीं देवपुर सिहावा बिरगुड़ी बांसपानी होते कांकेर निकलती है । बांसपानी चौक से घोटगांव धमतरी जाने रास्ते साथ ही नगरी विकासखंड के मेन रोड से विभिन्न छोटे-छोटे गांव को जोड़ने वाले रास्ते का भी हालत खराब है।

सांकरा, घटुला, बेलर कांकेर, केशकाल, कोंडागांव व नगरी के लिए यात्री वाहनें संकरी सड़क में दौड़ रहे हैं। सड़क की हालत खराब हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। इस मार्ग में वाहनों की स्पीड काफी ज्यादा होती है। इससे साइकिल सवार और राहगीरों को हादसा होने का डर रहता है।

सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में थोड़ी बारिश में पानी भरा रहता है जिससे साइकिल चालक और ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मेन रोड में गिट्टी, उखड़ जाने के कारण तेज रफ्तार से गाड़ी चलने से धूल उड़ रही है। यह लोगों की आंख में घुस रही है। अभी शिक्षण सत्र शुरू हो जाएगा। इस मार्ग से होकर स्कूली छात्र-छात्राएं भी आवागमन करते हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भरने से वाहनों के चलने से स्कूली छात्रों के कपड़े खराब हो जाते हैं। साथ ही हादसों का भी भय बना रहता है। शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पहले जिला प्रशासन से सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी श्री पैकरा ने बताया कि इसके लिए 6 करोड़ की स्वीकृति मिली है जिसमें 13 किलोमीटर की पेंच मरम्मत की जाएगी। टेंडर कार्य पूर्ण हो गया है। कुछ दिनों बाद ठेकेदार द्वारा काम चालू किया जागेगा।

---

## छात्रा मुक्तिका का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परिक्षेत्र साहू संघ दानीटोला द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के समापन के अवसर पर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। विद्याकुंज स्कूल की छात्रा मुक्तिका साहू को कक्षा पांचवीं में सर्वाधिक अंक पाने पर समाज द्वारा सम्मानित किया गया। मुक्तिका जिला पशु चिकित्सालय में कार्यरत सहायक पशु क्षेत्राधिकारी प्रेमलाल साहू की पुत्री हैं। छात्रा को सम्मान मिलने पर परिवारजन हर्षित हैं।

## आमाचानी की महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम आमाचानी की महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखकर अपनी पति की लंबी उम्र की कामना की। उर्वशी, बिमला, मोनेश्वरी, थनेश्वरी, उगेश्वरी, किरण, भूपेश्वरी, फूलमति, मीना, ओमकुमारी, झरना, दुर्गा मानिकपुरी, विशेश्वरी कंवर ने व्रत रखा।

---

पुण्य स्मृति : नारी शक्ति और सेवा के आदर्शों का स्मरण पर संगोष्ठी का किया आयोजन

## भाजपा कार्यालय कुरुद व भखारा में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भाजपा कार्यालय कुरुद एवं भखारा में भारतीय इतिहास की महान शासिका और नारी शक्ति की प्रतीक पुण्यश्लोक वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की पुण्य स्मृति में नारी शक्ति और सेवा के आदर्शों का स्मरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुरुद में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर और भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में अहिल्या बाई के सेवा, धर्म और शासन के आदर्शों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। भखारा में पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, भाजयुमो नेता चेतन हिंदूजा, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा व अन्य वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवनगाथा को बताकर नारी शक्ति और समाज कल्याण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर भाजपा नेतागण मालकराम साहू, टिकेश साहू, लोकेश्वर सिन्हा, आदर्श चंद्राकर, प्रभात बैस, भारतभूषण पंचायन, मूलचंद सिन्हा, सतीश जैन, आनंद यदु, सिंधु बैस, पुष्पलता देवांगन, विष्णु साहू, गौतम जैन, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, डिकेश्वरी देवांगन के अलावा मंडल स्तर के कार्यकारिणी सदस्य, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रजा को सुखी रखना होल्कर का जीवन मंत्र रहा : रंजना**

पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रजा को सुखी रखना अहिल्याबाई होल्कर का जीवन मंत्र था। उन्होंने सत्ता को सेवा का साधन बनाया और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए काशी विश्वनाथ, सोमनाथ जैसे मंदिरों व धर्मशालाओं, कुओं और सरायों का निर्माण कराया। उनका योगदान हिमालय से दक्षिण भारत तक फैला हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, नेतृत्व और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने सिद्ध किया कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति की भी रक्षक हो सकती है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर मैं समझती हूं कि राजनीति सत्ता नहीं, समर्पण और सेवा का माध्यम होना चाहिए।

**अहिल्या बाई ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया : शशि**

पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि भाजपा ने विपरीत परिस्थितियों में भी हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर हम उनके दिखाए मार्ग पर चल सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि अहिल्या बाई जैसी महान व्यक्तित्व के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में हम सब सक्रिय योगदान दे सकते हैं। सह संयोजक चेतन हिंदूजा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज को समर्पित रहा है। वे एक अच्छी शासक भी रहीं। उन्होंने बिना युद्ध के प्रशासनिक क्षमता, न्याय व्यवस्था और परोपकारी भावना से ओत-प्रोत होकर शासन चलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो ऐसे लोगों का सम्मान करती है, जिन्होंने देश में अच्छा काम किया है।

---

## प्रोजेक्ट युवा : युवतियों के साथ युवक भी ले रहे पाककला का प्रशिक्षण

- लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित कुकिंग-बेकिंग ट्रेनिंग में 34 युवा तराश रहे अपना हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खाना पकाने का शौक वैसे तो महिलाओं को होता है, किन्तु आज के दौर में पाककला के क्षेत्र में पुरूष भी आगे बढ़कर रूचि दिखा रहे हैं। जिले के ऐसे ही युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर प्रोजेक्ट युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में भी युवाओं को पाककला में दक्ष किया जा रहा है। कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिक में न केवल युवतियां बल्कि युवक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां 30 युवतियां और 4 युवक खाना बनाने का प्रशिक्षण लेकर अपना हुनर को तराश रहे है। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में फास्टफूड, चायनीज, स्वीटस्, मेनकोर्स और बेकिंग से बनने वाले लगभग 150 पकवानों के बनाने के तरीके को बारीकी से समझाया जा रहा है। इस कुकिंग-बेकिंग क्लास में युवाओं से प्रेक्टिकल भी कराया जा रहा है। युवाओं को जगदलपुर की श्रीमती ज्योति सुराना और धमतरी के सिमरन कौर तथा प्रतीमा साहू कुकिंग-बेकिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

ट्रेनिंग लेने वाली हिना चंद्राकर ने बताया कि वैसे तो महिलाओं को खाना बनाना आता ही है, लेकिन पाककला की बारीकियों को समझने, इसे रोजगार के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा दी जाए रही ट्रेनिंग सराहनीय है। वे ट्रेनिंग में फास्टफूड, चायनिज जैसे लोकप्रिय व्यंजन बनाना सीखा है। पाककला का प्रशिक्षण ले रहे दीपक दास ने बताया कि उनका फूड स्टाल है, लेकिन ज्यादा आईडिया न होने के कारण वे अपने स्टाल में सीमित सामग्री बनाकर रखते हैं। यहां उन्होंने पावभाजी, सेंडविच, चाउमीन आदि बनाना सीखा है।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुई विचार गोष्ठी




**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुकरेल द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर साहू सदन कुकरेल में विचार गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया। प्रमुख वक्ता झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पंडित एवं आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमल डागा थे। वक्ताओं ने बताया कि समाज सेवा एवं धार्मिक स्थान को पुनः स्थापित करने में माता अहिल्याबाई का योगदान रहा।

मौके पर अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, प्रेमलाल सलाम सभापति जनपद पंचायत नगरी, संजय मरकाम मंडल अध्यक्ष कुकरेल मंडल, उपाध्यक्ष नरेश मरकाम, महामंत्री टिकेश्वर साहू, मंत्री दिलीप कोडोपी, मंत्री जयराम, भारत साहू, मनोहर, रोहित यादव, सियाराम साहू, देवानंद साहू, शत्रुघ्न साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## लीनेस क्लब ने किया मातृशक्तियों का सम्मान


**धमतरी।** लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया लीनेस क्लब एवं कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट द्वारा मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोकेश कावड़िया अध्यक्ष निःशक्त जन आयोग, वरिष्ठ समाजसेवी दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता, पूर्व एमडी समाज कल्याण विभाग राकेश तिवारी, राजेन्द्र जैन महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा मातृशक्ति स्वरूपा वरिष्ठ समाज सेवीश्रीमती सूर्या लुंकड़, प्रभा रावत, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रीति साहू, मनोरोग चिकित्सक डॉ. रचना मिश्रा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मंजु गुप्ता का सम्मान मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों के प्रति अपनी भावना को व्यक्त करते हुए नन्हें कलाकार मिहिका साहू, रचित पद्मवार, आरुष पद्मवार, प्राची सोनी, सिद्धार्थ, समृद्धि सिन्हा, युक्ति ध्रुव, लावण्या ध्रुव, द्विती शर्मा, भव्या जैन, समकित जैन, मिष्टी अग्रवाल, हर्षाली गुप्ता, लविश मुंजवानी, मान्या मुंजवानी, अर्शिया गोयल ने ड्राइंग बनाकर लोकेश कावड़िया को भेंट किया।

---

विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से बना सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन

# घर जैसा है कमार बच्चों के लिए बनरौद का आंगनबाड़ी केंद्र

30 से अधिक छोटे बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं को मिल रहीं सुविधाएं







हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरी के बनरौद में बाला प्रोजेक्ट के तहत बना आंगनबाड़ी केन्द्र विशेष पिछड़ी जनजाति कमार की गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं के साथ-साथ बच्चों के लिए भी घर जैसा प्रतीत हो रहा है। यहां 30 कमार बच्चों के साथ ही 6 गर्भवती महिलाओं और 4 शिशुवती माताएं भी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं।

इस आंगनबाड़ी भवन की दीवारों में बने रंग-बिरंगे आकर्षक फलों, फूलों, सब्जियों, जानवरों के चित्र सहित गिनती, अक्षर आदि नौनिहाल बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। बच्चे इन चित्रों को देखकर खुशी-खुशी इनके नाम सहित गिनती तो सीख ही रहे हैं साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य, सफाई, खान-पान के तरीके आदि की भी जानकारी खेल-खेल में दी जा रही है। इस सर्व सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय, हाथ धोने के लिए वॉश बेसिन सहित कमरों में एक साथ बैठकर खाना खाने के लिए गोले भी बने हैं। बनरौद के आंगनबाड़ी केन्द्र में 6 माह से 3 साल तक के 12 और 3 साल से 6 साल तक की उम्र के 18 बच्चे रोज सुबह आते हैं। यहां बच्चों को मेन्यू अनुसार रोटी, चावल, पैष्टिकता से भरपूर दाल-सब्जी दी जाती है। अचार, पापड़ और गुड़ भी उपलब्ध कराया जाता है। गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत कुम्हड़ा के आश्रित ग्राम बनरौद में बने इस शासकीय आंगनबाड़ी केन्द्र का क्षेत्रफल 80 वर्गमीटर है। इसमें एक हॉल, एक ऑफिस, रसोईघर, स्टोर रूम और शौचालय के साथ ही बच्चों के खेलने के लिए आंगन भी बना है। यह भवन विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से बनाया गया है। इसके लिए वर्ष 2024-25 में 11 लाख 69 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इनमें मनरेगा से 8 लाख रूपये, एकीकृत बाल विकास परियोजना से 2 लाख रूपये और ग्राम पंचायत के 15 वें वित्त से एक लाख 69 हजार रूपये मिले हैं।

## पीएमश्री स्कूल गोकुलपुर में समर कैंप का समापन

**धमतरी।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला गोकुलपुर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप में बच्चों ने योगा, व्यायाम, एरोबिक्स, खेल, गीत, संगीत, नृत्य, रंगोली, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने, चित्रकारी, ड्राइंग पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश, पतियों से विभिन्न आकृतियों का निर्माण, पुराने न्यूज पेपर से टोपी बनाना, मेहंदी, बाल फिल्म का अवलोकन प्रोजेक्ट द्वारा, विज्ञान के सरल प्रयोग, तबला, हारमोनियम बजाना सीखा। समापन कार्यक्रम के अतिथि एपीसी नंदकिशोर साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी, बीआरसीसी ललित सिन्हा, संकुल समन्वयक श्रीमती नविता तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद गजेंद्र कंवर ने की। समर कैंप में प्रधानपाठक श्रीमती शाहनाज बेगम, अध्यक्ष श्रीमती रीना साहू, शिक्षाविद विजय साहू, गंगाधर ध्रुव, गजेंद्र पाल साहू, उमेश यादव, प्रवीण कुमार यादव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से कंचन का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन से सारांश को मिली रोशनी

**जगदलपुर।** बकावंड ब्लॉक निवासी नीलांबर यादव के पुत्र उम्र 6 वर्षीय सारांश यादव के दाहिनी आंख का ऑपरेशन 25 मई को महारानी अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता थॉमस एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिन्हें बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। विदित हो कि बचपन से ही सारांश के आंखों में धुंधलापन था जो बढ़ते-बढ़ते पके हुए मोतियाबिंद के रूप में पूरी तरह से दाहिनी आंख को ढक लिया था, जिससे सारांश उस आंख से देखने से असमर्थ था। सिविल सर्जन सह अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद के नेतृव में नेत्र रोग विभाग की ऑपरेशन टीम में डॉक्टर के अलावा अन्नपूर्णा साहू, कविता पांडे, दिव्या पांडे, स्मिता कच्छ, लक्ष्मी यादव, नमिता मौर्य, गरिमा मरई, जयंत देशमुख, डोलेश्वर जोशी और मंगली बाई का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी।

### रोजगार मेला हुआ

**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं प्रिज्म कॉलेज, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन 28 मई को महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सभी पात्र विद्यार्थियों उपस्थिति थी। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि यह रोजगार मेला हमारे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल एक शुरुआत है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से करते रहेंगे।

### महिलाओं का किया सम्मान

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में अहिल्या बाई होलकर जनशताब्दी के अवसर पर भाजपा मंडल बकावंड के परेश बेसरा एवं उनके टीम के नेतृत्व में बकावंड स्वास्थ्य केन्द्र में महिला स्टॉफ का श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आहिल्याबाई होलकर के देश प्रेम एवं उनके कार्य को याद किया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने बताया कि इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के स्टाफ नर्स, बीईटीओ, मितानीन, वार्ड आया, सफाई कर्मियों में से दिपिका नेताम, प्रिति, कविराज, प्रितिवाला पाल, युरागिनी साहू, आशिया बानो, श्रीमती पदमनी लाल, कृपामनी, रीता, लक्ष्मी, कृतिजुरी सम्मानित हुए।

### योग आयोग अध्यक्ष के प्रथम नगरागमन पर भाजपा पार्षदों ने किया स्वागत

जगदलपुर। योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा बुधवार को अपने प्रथम बस्तर प्रवास पर स्थानीय सर्किट हाउस में नगर पालिका निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन के नेतृत्व मे समस्त एमआईसी सदस्य गण व पाषर्दगण ने स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर शपथ के साथ ही रूपनारायण सिन्हा योग को बढ़ावा देने जुट गए हैं।

इंडोर स्टेडियम में लगा शिविर, मांग और समस्या संबंधित दर्जनों आवेदन आए

# सुशासन तिहार में 20 वार्ड के रहवासी हुए लाभान्वित

**प्राप्त 98 प्रतिशत आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया : महापौर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन तिहार के तहत बुधवार को आमातालाब रोड स्थित बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में सुबह 10 से 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों आवेदन आए। प्राप्त आवेदनों में से 98 प्रतिशत समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। समस्या सुलझ जाने से वार्डवासी प्रसन्न नजर आए।

शिविर में 20 वार्ड के रहवासी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य, पार्षद तथा विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। वार्डवासी





समस्या लेकर स्टॉलों में गए, जिसका अधिकारियों ने स्पॉट में निराकृत किया। शिविर में उपस्थित महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की महती योजना है, जिसमें पहुंचकर हितग्राही सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। विष्णु के सुशासन में आम जनता को ऑफिस का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी समस्याओं का समाधान तत्काल हो रहा है।

शिविर में साल्हेवारपारा, घासीवार्ड, ब्राम्हणपारा, कोष्टापारा, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर, बांसपारा, रिसाईपारा पूर्व, रामसागरपारा, नयापारा, टिकरापारा, पोस्ट आफिस वार्ड, अम्बेडकर वार्ड, सदर दक्षिण, रिसाईपारा पश्चिम के रहवासी काफी संख्या में पहुंचे थे। शिविर में सड़क, बिजली, पानी, नाली, आवास, पट्टा, राशन कार्ड, बिजली, खंभा, पीडीएस चावल, टूल किट समेत अनेक मांग और समस्या संबंधित दर्जनों आवेदन आए। श्री रोहरा ने बताया कि शिविर में गोद भराई, अन्नप्राशन की रस्म निभाई गई। इस अवसर पर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि शिविर के माध्यम से शहर की जनता सीधे लाभान्वित हो रही है। शिविर में सभी प्रकार के आवेदनों का निराकरण विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा किया गया। शेष बचे आवेदनों की जांच पश्चात उसका निराकरण किया जाएगा।

## आठ साल से नहीं मिली मुआवजा राशि



- भानपुरी के 40 किसानों ने हेमराज के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के ग्राम अर्जुनी से खपरी, भानपुरी मार्ग के चौड़ीकरण लिए ग्राम भानपुरी के लगभग 40 किसानों का भूमि अधिग्रहण 2016 में किया गया है लेकिन रोड निर्माण के बाद भी अभी तक किसानों का मुआवजा राशि लगभग 60 लाख नहीं मिली है। क्षेत्र के किसानों ने भाजपा नेता हेमराज सोनी के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री अरुण साव से भेंट की।

किसानों ने बताया कि रोड का चौड़ीकरण लगभग आठ साल हो गया है। अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। किसानों ने जल्द मुआवजा देने की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने किसानों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। मौके पर रांवा मंडल उपाध्यक्ष नामदेव राय, मंडल मंत्री रिंकू सेन समेत क्षेत्र के किसान ईश्वर साहू, जितेन्द्र साहू, रमन साहू, कलीराम साहू, शोभाराम मंडावी ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

## आवासीय खेल अकादमी के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन

प्रशिक्षण रायपुर में होगा, खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज और उनके कौशल को निखारने के उद्देश्य से आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। चयनित खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय कोचिंग, फिटनेस प्रशिक्षण, आहार योजना, मानसिक परामर्श और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का समुचित अवसर प्रदान किया जाएगा।

21 से 23 अप्रैल व 25 से 27 अप्रैल को दो चरणों में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित चयन प्रक्रिया में राज्य व जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया। धमतरी जिले से कुल 24 खिलाड़ी ट्रायल में सम्मिलित हुए जिनमें से 4 नए खिलाड़ी हनी दुलानी, रेश्मी ध्रुव का फुटबाल और वेदिका साहू, नम्रता साहू का एथलेटिक्स हेतु चयन हुआ है। वहीं पूर्व से प्रशिक्षुक 5 खिलाड़ियों का रिनेवाल भी हुआ जो पूर्व सत्र से ही अध्यनरत थे जिनमें चांदनी मरकाम, भुनेश्वरी नेताम, हेमा नेताम, दीपेश्वरी नेताम का तीरंदाजी व हर्षिता साहू का हॉकी सूची में नवीनीकरण हुआ। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनसे अपेक्षा कि वे अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ इस अवसर का लाभ उठाएं और राज्य व राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं।

जिला खेल अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी पीयूष तिवारी ने बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण रायपुर में होगा और खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री आदि निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। खिलाड़ियों के चयन पर एथलेटिक्स संघ से रितिका यादव, वरिष्ठ फुटबाल कोच राजेश नायर, देवेंद्र अंगारे, तीरंदाजी कोच थामस पॉल, सुरेश निषाद, तेजश्वर टंडन, हॉकी कोच हेमलाल सिन्हा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## पेंशन योजना लागू करवाने प्रतिनिधि मंडल ने महापौर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दाजी मराठी शाला के प्राचार्य सुधीर गायकवाड़, नूतन उमावि के प्रभारी प्राचार्य श्री क्रिस्टी तथा पूर्व प्राचार्य आरके साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अनुदान प्राप्त शालाओं के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर सकारात्मक पहल किए जाने का आग्रह किया।

महापौर श्री रोहरा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्तर पर आवश्यक कदम उठाएंगे। इस अवसर पर शासन से अनुदान प्राप्त शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन, जिला इकाई धमतरी के सचिव प्रकाश पवार भी उपस्थित थे।

## डॉ. रितु ने पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्चर के रूप में नई भूमिका संभाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम चंदना की डॉ. रितु वर्मा ने एक बार फिर अपने गांव और राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। डॉ. वर्मा ने हाल ही में जर्मनी की प्रतिष्ठित टेकनीश यूनिवर्सिटेट ड्रेसडेन के वैज्ञानिक कम्प्यूटिंग संस्थान में पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्चर के रूप में नई भूमिका संभाली है। यह संस्थान वैज्ञानिक अनुसंधान और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के क्षेत्र में यूरोप के अग्रणी शोध केंद्रों में से एक माना जाता है। इससे पहले वे एफजेडयू- भौतिक संस्थान प्राग (चेक गणराज्य) में पोस्ट डॉक्टरल रिसर्चर थीं, जहां वे नियंत्रित सूक्ष्म संरचना वाली सामग्री समूह के अंतर्गत विशेष धातुओं की सूक्ष्म संरचना पर शोध कर रही थीं।



डॉ. वर्मा ने अपनी पीएचडी सीईआईटीईसी, ब्रनो प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (चेक गणराज्य) से पूरी की, जहां उन्होंने मैग्नीशियम धातु की संरचना और ट्विन इंटरफेस पर गहन शोध किया। उनके पिता आशाराम वर्मा कुर्मी समाज के अध्यक्ष रह चुके हैं और सेवानिवृत्त अमीन एवं साहित्यकार हैं। डॉ. रितु वर्मा की यह उपलब्धि न केवल धमतरी बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

## जिपं अध्यक्ष ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत सांकरा में मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने मेन रोड से हाईस्कूल तक सीसी रोड, सांकरा बांध में निर्मला घाट, महादेवपारा व छिंदपारा में नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाई, सरपंच नागेन्द्र बोरझा, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, कोषाध्यक्ष छगन लाल साहू, साधुराम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## अतिशेष की सूची में आने वाले शिक्षकों को मिले दावा आपत्ति का अवसर



- छग टीचर्स एसोसिएशन ने मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर-डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग टीचर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकार के नेतृत्व में कलेक्टर एवं डीईओ को अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में युक्तियुक्तकरण का विरोध है। अतिशेष की सूची में आने वाले शिक्षकों को दावा आपत्ति का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। जिले में कुछ संकुल केद्रों में संकुल समन्वयक उसी संकुल से ही पदस्थ हो, इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। जिले में रिक्त प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानपाठक पद पर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति की जाए। सेवा पुस्तिका स्थानीय संपरीक्षक से सत्यापन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आदेश जारी होने के बाद भी अभी तक आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई है।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत धमतरी नगर पालिका निगम एवं आमदी नगर पंचायत निर्वाचन में मतगणना कार्य में संलग्न कर्मियों एवं कुछ मतदान दल के कर्मियों को भी आजपर्यंत मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। इसके शीघ्र भुगतान की मांग की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू, महासचिव डॉ. आशीष नायक, तुनेश्वरी साहू, परविंदर कौर गिल, कांति भारद्वाज, गेवाराम नेताम, दिनेश कुमार साहू, देवेंद्र भारद्वाज, धर्मेंद्र कुमार साहू, भगवती सोनी, रूपेश कुमार साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# नगर निगम स्कूल की गरिमा को खंडित करने की कोशिश

**प्राचार्य ने बताया कि रिजल्ट की क्वालिटी अच्छी है, एक छात्रा मेरिट से मात्र कुछ अंक से चूक गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दुर्भावनावश नगर निगम स्कूल को बदनाम किया जा रहा है। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्कूल के रिजल्ट की क्वालिटी अच्छी आई है। एक छात्रा तो मेरिट सूची में आने मात्र कुछ अंकों से चूक गई है। क्वांटिटी में भी देखें तो स्कूल का रिजल्ट 50 प्रतिशत के करीब है, जिसे बुरा नहीं कहा जा सकता है।

मंगलवार को बालक स्कूल में हुई प्राचार्यों की बैठक में नत्थूजी जगताप नगर निगम स्कूल में खराब रिजल्ट बताकर खूब हाईलाइट किया गया। जबकि स्कूल का रिजल्ट इतना खराब नहीं है। इससे कहीं ज्यादा खराब रिजल्ट वाले स्कूलों पर कोई चर्चा नहीं हुई। प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा ने बताया कि यह स्कूल सौ साल से ज्यादा वक्त से शहर को गौरवान्वित कर रहा है। अब कुछ लोग यहां राजनीति कर रहे हैं। इसी के चलते स्कूल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि कि कक्षा नवमीं से बारहवीं तक स्कूल में 586 छात्र




पढ़ते हैं। इसके चलते क्वांटिटी में रिजल्ट थोड़ा कमजोर आया है, लेकिन क्वालिटी के हिसाब से देखें तो रिजल्ट किसी से कमजोर नहीं है। पास होने वाले छात्रों में पासिंग अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में मात्र 9 है।

इन छात्रों को 50 प्रतिशत से कम अंक मिले हैं। जबकि 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्रों की संख्या 54 है। 9 छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किया है। एक छात्रा कुमारी यास्मिन साहू पिता उत्तम साहू ने 600 अंक में से 554 अंक अर्जित किया है। उसे 92.33 प्रतिशत अंक मिला है और मेरिट सूची में आने से मात्र कुछ अंकों से चूक गई है। इतिहास विषय को वायरमेन द्वारा पढ़ाए जाने की खबर भी पूरी तरह से गलत है। उन्होंने बताया कि स्कूल में बेहतर शिक्षा और रिजल्ट के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी स्कूल की गरिमा को खंडित करने की कोशिश की जा रही है। इसकी शिकायत उच्चस्तर पर करने की तैयारी चल रही है।

## कंकालिन मंदिर, देऊर मंदिर परिसर की सफाई की

**पुरूर(धमतरी)।** लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा मंडल पुरूर एवं गुरूर द्वारा ग्राम कनेरी के कंकालिन मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मां कंकालिन की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, जिपं सदस्य तेजराम साहू, पूर्व जिपं सदस्य मीना साहू, मडल उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, महामंत्री राकेश सिन्हा, सत्येन्द्र साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, रेणुका गंजीर, रूद्राणी नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







**खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया 31 मेडिकल का औचक निरीक्षण**

# नशीली और अमानक दवाओं की बिक्री पर लगेगा अंकुश

- 4 दवाओं का नमूना लेकर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में स्वापक और मनः प्रभावी नशीली दवाओं की अवैध बिक्री तथा नशे के रूप में दुरूपयोग को रोकने के साथ ही आमलोगों सहित मरीजों को गुणवत्तायुक्त औषधियां उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल द्वारा 31 मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दवाओं की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज, अभिलेख और रजिस्टर की बारिकी से जांच की गई और नशीली दवाओं को पंजीकृत



चिकित्सक की पर्ची पर ही बेचने के सख्त निर्देश दुकान संचालकों को दिए। निरीक्षण के समय 24 दुकानों में सीसीटीवी लगा हुआ पाया गया, शेष दुकानों में भी जल्द से जल्द सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश दल द्वारा दिए गए।

निरीक्षण दल ने धमतरी के स्वामी मेडिकल एजेंसी से टेब. ट्रोलिक-100, टेब. सोडोमसी-500 तथा सिविल अस्पताल कुरूद के ड्रग स्टोर से टेब. आर्कल डी, टेब. वीट-सी डी3 का नमूना लिया। साथ ही इन दवाओं को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नशीली दवाओं की अवैध बिक्री तथा अमानक दवाओं पर लगातार कार्रवाई की



जा रही है, जिससे इन दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगेगा। निरीक्षण के दौरान सहायक औषधि नियंत्रक संजय राजपूत, औषधि निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी, सुमित देवांगन, लुकेश साहू मौजूद थे।